आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

बजट वैबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश का विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प स्पष्ट है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उल्लेख करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक किसानों को लगभग पौने चार लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय बजट में 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' की घोषणा की है, जिसके तहत देश में सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्तमान में कृषि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उत्पादन 26 दशमलव पांच करोड टन से बढ़कर 33 करोड टन से अधिक हो गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पुलिस विभाग को अगले 6 महीने में मिशन मोड पर एक व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज पुलिस व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और यदि कोई सरकारी कर्मचारी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जिन

सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ नशा तस्करी के पुख्ता सबूत पाए गए हैं, उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग को पंचायत स्तर तक नशा तस्करों व पीड़ितों की मैपिंग करने और 15 मार्च तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

रजनी पाटिल

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा है कि हिमाचल में 15 दिन के भीतर पार्टी की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने दो दिन तक प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की। रजनी पाटिल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी एक व्यक्ति–एक पद की पक्षधर है और नई कार्यकारिणी में सभी समुदायों को प्राथमिकता दी जाएंगी। कांग्रेस प्रभारी ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति के लिए पूर्व भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वाराणसी घाट की तर्ज पर सुन्नी में भी सतलुज के किनारे एक बड़े स्तर का घाट बनाया जाएगा जहां हर साल सतलुज आरती का आयोजन होगा। उन्होंने आज सुन्नी में नगर परिषद द्वारा आयोजित ''स्वच्छ शहर समृद्ध शहर'' कार्यक्रम में शिरकत की। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 10 फरवरी को शिमला से इस अभियान की शुरूआत की थी जो 9 मार्च तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहरों व कस्बों को साफ–सुथरा बनाना है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सुन्नी में जल्द ही मिनी सचिवालय का निर्माण किया जाएगा।